# वेदांत करेगी 5 अरब डॉलर का निवेश

वेदांत के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कंपनी की महत्त्वाकांक्षी वृद्धि की रूपरेखा पेश करते हुए मंगलवार को कहा कि कंपनी जस्ता एवं सीसा का उत्पादन लगभग तीन गुना, चांदी का उत्पादन दोगुना करेगी और लीथियम तथा दुर्लभ खनिज तत्वों सहित महत्त्वपूर्ण व रणनीतिक खनिजों की खोज में तेजी लाएगी। साथ ही, तेल एवं गैस कारोबार के विस्तार के लिए पांच अरब डॉलर का निवेश करेगी। अग्रवाल ने वेदांत लिमिटेड की 61वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में वेदांत अनलिमिटेड दृष्टिकोण पेश किया। उन्होंने कहा कि कंपनी 2031 तक जस्ता और सीसा का उत्पादन बढ़ाकर लगभग 30 लाख टन करने, चांदी का उत्पादन दोगुना कर 1,500 टन तक पहुंचाने तथा इस दशक के अंत तक तांबा उत्पादन बढ़ाकर 10 लाख टन करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि फेरोक्रोम की उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2027-28 तक बढ़ाकर पांच लाख टन की जाएगी और निकल का उत्पादन बढ़ाकर 60,000 टन किया जाएगा। *बीएस*